संख्या-19 /2019-756/58-2019-205/2018

प्रेषक,

इन्दुबाला कटियार,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

उद्यान अनुभाग **लखनऊ: दिनांक: 05 अप्रैल, 2019**

विषय: अनुदान सं0-83 के अधीन उद्यान शाखा के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2019-20 हेतु आय-व्ययक में व्यवस्थित धनराशि के सापेक्ष धनराशि रू0-294.18 लाख को अवमुक्त किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-240/बजट/2018-19, दिनांक 31.03.2019 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप सं0-1/2019/बी-1-170/दस-2019-231/2019, दिनांक 22.03.2019 में निहित निर्देशों को दृष्टिगत रखते हुए वित्तीय वर्ष 2019-20 में अनुदान संख्या-83 के अन्तर्गत उद्यान शाखा के अन्तर्गत अधोलिखित लेखाशीर्षकवार/मदवार विवरण के अनुसार संचालित चालू योजनाओं में प्राविधानित धनराशि रू0-3810.98 लाख के सापेक्ष धनराशि रू0-294.18 लाख (रूपये-दो करोड़ चौरानबे लाख अटठारह हजार) मात्र निम्नलिखिति विवरण के अनुसार उल्लिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन व्यय किये जाने हेतु आपके निवर्तन पर रखे जाने एवं उक्त धनराशि की वित्तीय तथा प्रशासकीय स्वीकृति श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष प्रदान करते है:-

अनुदान सं0-83 के अन्तर्गत उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, उत्तर प्रदेश की उद्यान शाखा के लिए वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए अवमुक्त की जा रही धनराशि

(धनराशि लाख रूपये में)

क्र0 सं0	लेखाशीर्षक/ योजना का नाम		कोड सं0/मद का नाम	आय-व्ययक प्राविधान	अवमुक्त की जा रही धनराशि
1	2	3	4	5	6
	2401-फसल कृषि कर्म- 789-अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना- 01-केन्द्र प्रायोजित योजनायें- 0108-राष्ट्रीय बागवानी मिशन (के.60/रा.40-के.+ रा.)	27-	सब्सिडी	650.00	
		44-	प्रशिक्षण हेतु यात्रा एवं अन्य प्रासंगिक व्यय	50.00	
			योग-0108	**700.00**	**0.00**

http://shasanadesh.up.nic.in

2	0109-पर ड्राप मोर क्राप-माइक्रोइरीगेशन योजना (के.60/रा.40-के.+ रा.)	27-	सब्सिडी	2714.25	
		42-	अन्य व्यय	80.77	
		44-	प्रशिक्षण हेतु यात्रा एवं अन्य प्रासंगिक व्यय	21.78	
			योग-0109	**2816.80**	**0.00**
			योग-01	**3516.80**	**0.00**
3	07-औद्यानिक विकास कार्यक्रम	27-	सब्सिडी	260.00	260.00
		42-	अन्य व्यय	34.18	34.18
			योग-07	**294.18**	**294.18**
			योग-04	**294.18**	**294.18**
			योग-2401	**3810.98**	**294.18**

(रूपये-दो करोड़ चौरानबें लाख अट्ठारह हजार मात्र)

(1) अवमुक्त की जा रही धनराशि का व्यय विभाग की प्रकृति एवं अवसर के अनुसार दो-दो माह की फेजिंग करते हुए किया जाय तथा कोषागार से धनराशि का आहरण आवश्यकता होने पर ही किया जाय।

(2) व्यय प्रबन्धन एवं शासकीय व्यय में मितव्ययिता नितान्त आवश्यक है। इस संबंध में वित्त विभाग द्वारा समय-समय पर जारी दिशा निर्देशों सहित मितव्ययिता के सम्बन्ध में जारी शासनादेशों एवं वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप सं0-1/2019/बी-1-170/दस-2019-231/2019, दिनांक 22.03.2019 में निहित निर्देशों का विशेष रूप से अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

(3) जिन मामलों में उत्तर प्रदेश बजट मैनुअल और फाइनेन्शियल हैण्ड बुक के नियमों तथा अन्य स्थायी आदेशों के अन्तर्गत राज्य सरकार/केन्द्र सरकार अथवा अन्य सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति प्राप्त की जानी आवश्यक हो, उन मामलों में व्यय करने के पूर्व ऐसी स्वीकृति सक्षम प्राधिकारी से अवश्य प्राप्त कर ली जाय।

(4) बजट में प्राविधानित धनराशि का आवंटन एवं आवंटित/वितरित धनराशि के समक्ष किये गये व्यय पर नियंत्रण के संबंध में वित्त विभाग के शासनादेश सं0-बी-1-1195/दस-16/94 दिनांक 06 जून 1994 द्वारा निर्गत निर्देशों का कड़ाई के साथ अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

(5) अवमुक्त की जा रही धनराशि के व्यय करने के पूर्व यह सुनिश्चित कर लिया जायेगा कि प्रश्नगत कार्य किसी अन्य योजना से स्वीकृत नहीं हुआ/हो रहा है।

(6) भण्डार क्रय नियमों एवं शासन के सुसंगत नियमों/निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(7) निदेशक, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण इस बात को सुनिश्चित करने के लिए उत्तरदायी होंगे कि व्यय को कड़ाई के साथ प्राधिकृत विनियोग के भीतर रखा जाये। यदि किसी विनियोग की प्राथमिक इकाई के अधीन आनुपातिक आधार पर व्यय में किसी बड़े अन्तर होने की सम्भावना मालूम पड़े तो उसे तत्काल शासन एवं वित्त विभाग के संज्ञान में लाया जाय।

(8) अवमुक्त की जा रही धनराशि का व्यय आय-व्ययक 2019-20 के बजट साहित्य में उल्लिखित लेखाशीर्षक एवं प्राविधानित धनराशि की सीमा के भीतर ही किया जायेगा। अन्य मद में किया गया वित्तीय अनियमितता माना जायेगा।

(9) वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप सं0-1/2019/बी-1-170/दस-2019-231/2019, दिनांक 22.03.2019 में दी गयी शर्तों एवं प्रतिबन्धों का अनुपालन भी कड़ाई से सुनिश्चित किया जाय। विचलन की स्थिति में वित्तीय अनियमितता माना जायेगा। जिसके लिए निदेशक, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ एवं वित्त नियंत्रक उद्यान विभाग एवं सम्बन्धित जनपदीय अधिकारी उत्तरदायी होंगे।

(10) शासन द्वारा समय-समय पर निर्धारित प्रपत्र पर प्रत्येक माह के 05 तारीख तक मासिक व्यय विवरण उपलब्ध कराया जाय।

http://shasanadesh.up.nic.in

2- यह आदेश वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप सं0-1/2019/बी-1-170/दस-2019-231/2019 दिनांक 22.03.2019 में प्रदत्त अधिकारों के अधीन जारी किया जा रहा है।

भवदीया,

(इन्दुबाला कटियार)
संयुक्त सचिव।

संख्या-19/2019-756(1)/58-2019, तददिनांक :-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

(1) महालेखाकार, (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश प्रयागराज।
(2) महालेखाकार (लेखा परीक्षक), प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश प्रयागराज।
(3) वित्त नियंत्रक, निदेशालय उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण, उ0प्र0 लखनऊ।
(4) मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
(5) बजट प्रकोष्ठ, समाज कल्याण विभाग, उ0प्र0 शासन।
(6) वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-1, उ0प्र0 शासन।
(7) वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1, उ0प्र0शासन।
(8) गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(इन्दुबाला कटियार)
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in